# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-155 | सागवाड़ा, सोमवार, 7 फरवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## सागवाडा विधानसभा में बीटीपी के हाथों गवा चुके वोट बैंक को पुन: साधने में लगी कांग्रेस

### पूर्व सांसद भगोरा व पूर्व विधायक बामणिया ने जादेला गांव का किया दौरा, 22 बीटीपी कार्यकर्ताओ ने थामा कांग्रेस का हाथ



**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में बीटीपी के हाथो गवा चुके के सागवाडा विधानसभा क्षेत्र के वोट बेंक को पुन: साधने में कांग्रेस पार्टी जुट गई है। इसी के तहत बांसवाडा-डूंगरपुर के पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा व सागवाडा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया ने बीटीपी प्रभावित जदेला गांव का दौरा किया। वही ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रति फिर से विश्वास जगाया। इस दौरान 22 बीटीपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन भी थामा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को अभी काफी समय है। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में डूंगरपुर जिले में चार में से 3 विधानसभा सीट पर तीसरे स्थान पर रहने वाली कांग्रेस पार्टी ने बीटीपी के हाथो गंवा चुके अपने परम्परागत वोट को पुन: साधने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका बीड़ा बांसवाडा-डूंगरपुर के पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा व सागवाडा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया ने उठाया है। इसी के तहत पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा व सागवाडा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया स्थानीय कांग्रेसी नेताओं के साथ आज सागवाडा विधानसभा क्षेत्र के जदेला गांव पहुंचे जहा पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की।

बैठक में कांग्रेसी नेताओं ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कांग्रेस द्वारा आजादी के बाद से क्षेत्र के विकास के लिए कामो को गिनाया और फिर से उन लोगो में कांग्रेस पार्टी के प्रति विश्वास जगाया। बैठक को संबोधित करते हुए ताराचंद भगोरा ने कहां कि कांग्रेस का सदस्यता अभियान चल रहा है। अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का काम हो रहा है। पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया ने कहा कि सागवाड़ा विधानसभा में कांग्रेस को मजबूत बनाने का काम किया जाएगा। राज्य का बजट आने वाला है। गांव की सड़क की मांग को पूरा करने के प्रयास किये जाएंगे। युवाओं के साथ साथ पुराने कांग्रेस के साथियों से संपर्क कर जोड़ने का काम हो रहा है। रमेश रोत ने कहा कि कांग्रेस राज विकास के कई बड़े काम हुए है, आगे भी विकास के काम होंगे। इधर इस मौके पर बीटीपी के 22 कार्यकर्ताओ ने बीटीपी का साथ छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। इधर बैठक में ग्रामीणों ने मुख्य सड़क से आरावल गांव और होली चौक से युपीएस स्कूल तक सड़क की मांग की । इस मौके पर ब्लोक अध्यक्ष देवीलाल फलोत, नारायण पंड्या, कपील भट्ट, उप सरपंच हितेश पाटीदार, सरपंच निर्मला हडात, लोकेश पाटीदार, कुलदीप गांधी, पवन गोवाडिया, रमेश रोत, रवि पाटीदार, ब्लोक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, हिम्मतराम खांट, मोहन डेंडोर, विमल खांट मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया पर हुए हमले को लेकर डूंगरपुर जिलाध्यक्ष ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**डूंगरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूंदी तालेड़ा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया पर हुए हमले को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर सुनियोजित तरीके से कांग्रेस के गुंडों ने हमला किया। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया की लोकप्रियता से घबरा गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया किसान, आमजन व छात्रो की आवाज बनकर संघर्ष कर रहे है ये संघर्ष इनकी ऐसी हरकतों से रुकने वाला नही पंडया ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार और उसके मुखिया अशोक गहलोत यह सोचते हैं की वे पुलिस और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा हमला करवा कर एक भाजपा के कार्यकर्ता को दबा सकते हैं तो यह उनकी भूल है। सच्चाई यह है कि रीट परीक्षा में धांधली को लेकर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन से कांग्रेस की सरकार बौखला गई है और अब कांग्रेस सीधे तौर पर गुंडागर्दी पर उतर आई है जिसे राजस्थान की जनता कभी सहन नहीं करेगी । उन्होंने कहा कि एक किसान के बेटे और जनप्रतिनिधि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमला कर अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस प्रकार के हमलों से डरने वाले नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और राजस्थान की जनता डॉ सतीश पूनिया जी के साथ खड़ी है और आगामी चुनावों में राजस्थान की जनता इस जुल्मी और निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकेगी।इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, जिला उपाध्यक्ष शांतिलाल पंडया, चम्पालाल लबाना, जिला महामंत्री धनपाल जैन, मगनलाल गमेती, नाथुलाल पाटीदार, ऋषी दवे, देवीसिंह भेखरेड, रमेश बांसड, स्नेहा शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 50 हजार मौताणा तय होने के बाद रात 11 बजे सड़क से उठा युवक का शव

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दिया शव

**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के सिदड़ी खेरवाड़ा में कल शाम बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत के मामले में 50 हजार रुपए मौताणा तय हुआ। बस मालिक से मौताणा पर समझोता होने के बाद रात 11 बजे पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि कल सिदड़ी खेरवाड़ा निवासी महेंद्र परमार (18) ओर उसका दोस्त सुनील बाइक पर गांव की ओर जा रहे थे। उस समय पीछे से आ रही एक बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महेंद्र परमार की मौत हो गई। चालक बस को लेकर मौके से भाग गया था और वहां जुटी आक्रोशित भीड़ ने जाम लगा दिया था । वही घटना के बाद लोग बस मालिक को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे। इस बीच मृतक पक्ष के लोगों ने 1 लाख रुपये के मौताणे की मांग करने लगे। बस मालिक के साथ रात करीब 10 बजे तक मौताणे पर वार्ता होती रही। वही 50 हजार में मौताणा तय होने के बाद सड़क पर खून से पड़े लथपथ शव को पुलिस ने उठाया। मौताणे के दौरान पुलिस ने उनसे दूरी बनाए रखी। दोवड़ा पुलिस ने रात करीब 11 बजे शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। आज सुबह परिजनों के जिला अस्पताल की मोर्चरी पर पहुँचने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

### भाई की शादी की खुशी मातम में बदली

सिदड़ी खेरवाड़ा निवासी मृतक महेंद्र परमार के परिजनों ने बताया की मृतक महेंद्र परमार के बड़े भाई प्रताप परमार की 10 फ़रवरी को शादी है। घर में शादी के चलते पूरा परिवार खुशिया मना रहा था। वही परिवार शादी की तैयारियों में लगा हुआ था लेकिन छोटे भाई की अचानक सड़क हादसे में मौत के बाद घर में शादी की खुशिया अब मातम में बदल गई है।

## घास के नीचे छुपाकर रखा अवैध विस्फोटक पकड़ा, 739 जिलेटिन की छड़े और 750 डेटोनेटर जब्त



**डूंगरपुर।** डीएसटी टीम ने सागवाड़ा थाना क्षेत्र के रोत फला पाड़वा में अवैध विस्फोटक सामग्री पकड़ी है। विस्फोटक सामग्री को घास के नीचे छुपाकर रखा था। पुलिस ने विस्फोटक रखने के आरोप में एक को गिरफ्तार कर लिया है।डीएसटी इंचार्ज दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि सागवाडा थाना क्षेत्र के पाड़वा रोत फला में हकरा पुत्र वजा मीणा के घर पर अवैध विस्फोटक रखा हुआ है। इस पर डीएसटी के हेड कॉन्स्टेबल नवीन कुमार, महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपालसिंह, चालक पंकज की टीम पाड़वा रोत फला पंहुची। हकरा के घर दबिश दी और घर की तलाशी ली। घर के पास ही घास रखी हुई थी। शक होने पर घास का हटाकर देखा तो नीचे विस्फोटक सामग्री से भरे कार्टून रखे हुए थे। डीएसटी ने सभी कार्टून को बाहर निकालकर गिनती की तो उसमें 739 जिलेटिन की छड़े और 750 डेटोनेटर मिले है।

डीएसटी ने अवैध विस्फोटक के लाइसेंस के बारे में पूछा तक किसी तरह के कोई कागज नहीं बता सका। इस पर पुलिस ने विस्फोटक के साथ आरोपी हकरा पुत्र वजा मीणा को हिरासत में लेकर सागवाडा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। डीएसटी इंचार्ज ने बताया कि विस्फोटक सामग्री को अवैध खनन में इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने विस्फोटक

## आईटी यूनियन ने लम्बित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**सागवाड़ा।** राजस्थान राज्य अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ के प्रदेषाध्यक्ष कपिल चौधरी के निर्देशानुसार सागवाडा में ब्लॉक अध्यक्ष कल्पेष कुमार कलाल के नेतृत्व में आई.टी. यूनियन ने लम्बित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सागवाड़ा उपखण्ड अधिकारी राजीव द्विवेदी को ज्ञापन सौपा। इस दौरान महिला संगठन प्रभारी सपना पाटीदार, निखिल बुनकर, लोकेश खांट, महिपाल डामोर, खुष्बू शर्मा कई सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कल्पेष कुमार कलाल ने बताया कि राजस्थान के आईटी कर्मचारी विगत कई वर्षों से वेतन विसंगति एवं अन्य मांगों के संबंध में प्रयासरत है। संघ की ओर से समस्याओ के संबंध में बार-बार अवगत कराए जाने के बावजूद भी राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है जिससे आई.टी. कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। सोमवार को सहायक प्रोग्रामर/सूचना सहायको को सोशल मिडिया पर आंदोलन करते हुए 15 दिन हो गये है। 24 जनवरी से समस्त राजस्थान के सहायक प्रोग्रामर/सूचना सहायको के द्वारा फेसबुक/ट्विटर पर मुख्यमंत्री की पोस्ट पर कमेन्ट कर मांगों को पूर्ण करने की अपील की जा रही है। 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण जिला कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। साथ ही कलाल ने ज्ञापन में बताया कि कार्मिको को अन्य संवर्गो की भाति कठिन पारिश्रमिक भत्ता दिया जावे तथा प्रोग्रामर की विभागीय भर्ती मे विभाग मे कार्यरत सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक को 20 फीसदी विभागीय कोटा प्रदान किया जाए।

## सरथुना में माता नागणेश्वरी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ा जनसैलाब

### कलश यात्रा, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दिखा श्रद्धा का ज्वार

**सीमलवाड़ा।** सरथुना गांव के प्राचीन नागेश्वरी माता मंदिर में मूर्ति एवम शिखर प्रतिष्ठा सोमवार दोपहर को हुई। प्रतिष्ठाचार्य मनोहर भट्ट,शिल्पकार रमेशचन्द्र सोमपुरा के मार्गनिर्देशन में समाजजनों की मौजूदगी में नागेश्वरी माता, गणेश, भैरव, हनुमान एवम शिखर प्रतिष्ठा में धार्मिक कार्यक्रम में जल कलश यात्रा, पूजन, शतचंडी, प्रतिष्ठा होम, पूर्णाहुति कर भगवान, देवी की मूर्ति विराजमान,शिखर सुशोभित किया।

कलश यात्रा के दौरान हर हर गंगे, जय मां गंगे संगीतमय - भक्तिमय माहौल में वातावरण ढल गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूर्णाहुति के दौरान गजब का उत्साह दिखाई दिया एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन का लाभ लिया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाआरती एवं महा प्रसादी किया गया।

### राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्प

### * रीट-2021 लेवल प्रथम के 15,500 पदों पर जारी रहेगी नियुक्ति प्रक्रिया

## रीट परीक्षा का लेवल-2 निरस्त

### 62 हजार पदों पर होगी शिक्षक भर्ती



**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। इस दिशा में विगत तीन वर्षों में एक लाख युवाओं को विभिन्न विभागों में नियुक्तियां दी गई हैं और एक लाख पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। हाल ही में रीट परीक्षा-2021 के आयोजन के समय राज्य सरकार ने लाखों अभ्यर्थियों के नि:शुल्क आवागमन की व्यवस्था की। आमजन ने भी इन अभ्यर्थियों को आवास तथा भोजन कराने में मुक्तहस्त से सहयोग किया। परीक्षा के दौरान नकल आदि रोकने के लिए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई। परीक्षा के समय इंटरनेट को बंद रखा गया, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम में मदद मिल सके।

एसओजी ने अपने निगरानी तंत्र से परीक्षा से पूर्व ऐसे अभ्यर्थियों तथा आपराधिक व्यक्तियों के बारे में सूचना प्राप्त की और उसके आधार पर कार्रवाई प्रारंभ की। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे किसी भी व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए 26 सितम्बर, 2021 को आयोजित रीट परीक्षा के बाद कुल 42 अधिकारियों-कार्मिकों को निलंबित एवं बर्खास्त तक किया जा चुका है।

एसओजी ने निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुए अल्प समय में ही यह पता किया है कि प्रश्न-पत्र कहां से लीक हुआ और इसमें प्रथम दृष्टया कौन-कौन लोग लिप्त थे। इस उद्देश्य से त्वरित अनुसंधान जारी है और अब तक कुल 38 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिनमें 14 अभ्यर्थी भी शामिल हैं। इस मामले में 1 करोड़ 16 लाख रूपए की रिकवरी की जा चुकी है। राज्य सरकार ने अब तक के अनुसंधान एवं प्राप्त जानकारी के आधार पर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के तत्कालीन अध्यक्ष डीपी जारौली को बर्खास्त तथा बोर्ड सचिव सहित कुल 42 अधिकारियों-कार्मिकों को तत्काल निलंबित किया है। एसओजी की कार्रवाई अभी भी जारी है। राज्य सरकार ने अब यह निर्णय किया है कि रीट की परीक्षा के लेवल-प्रथम में चूंकि किसी प्रकार की कोई पेपर लीक या अन्य किसी प्रकार की घटना प्रकाश में नहीं आई है। साथ ही, इसके माध्यम से शिक्षक भर्ती के करीब 15 हजार 500 पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी जानी हैं। ?से में बेरोजगार युवाओं एवं अभ्यर्थियों के हित में नियुक्तियां शीघ्र देने के लिए इन पदों को शीघ्र भरा जाए। यह भी निर्णय किया गया है कि इस वर्ष रीट लेवल-प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी। उन्हें नियुक्ति के लिए शिक्षक भर्ती की अन्य परीक्षा नहीं देनी होगी।

## राजस्थान गो सेवा समित डूंगरपुर की कार्यकारिणी की बैठक खड़गदा में हुई



**खड़गदा।** राजस्थान गो सेवा समित की कार्यकारिणी विस्तार के लिए सोमवार को खडगदा वन विहार वाटिका में समिति के जिला शाखा डूंगरपुर का शपथ ग्रहण समारोह संरक्षक कथावाचक कमलेश शास्त्री के सानिध्य में हुआ। मुख्य अतिथि भूपेंद्र पंड्या व डायालाल पाटीदार थे। विशिष्ट अतिथि राजस्थान गो सेवा समित जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पंचाल, एडवोकेट गजेन्द्र सिंह खरोडिया व ऋषि दवे रहे। कार्यक्रम में संरक्षक ने जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को गो सेवा की शपथ दिलवाई। संरक्षक कथावाचक कमलेश शास्त्री ने कहा कि गौ माता के लिए त्याग और समर्पण भाव से समिति के सदस्यों को काम करना चाहिए। इस दौरान शास्त्री ने बताया कि गोशाला के लिए गोचर, चरागाह भूमि का उपयोग केवल गौ चरने के लिए होना चाहिए साथ ही गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त होनी चाहिए। इस अवसर पर शास्त्री ने सदस्यों को बताया कि गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा है और गोशालाओ में गोमाता के भोजन और सार संभाल की जिम्मेदारी होनी चाहिए। वही गोशालाओ में सभी गायो की सुख सुविधाओ का ध्यान रखते हुए आवश्यक सुविधाओ की व्यवस्था करनी आवश्यक है। अपने उद्बोधन में शास्त्री ने बताया कि दु:ख इस बात का भी होता है कि लोग गौ माता को भटकने के लिए बाजारों में छोड़ देते है। उन्हें इनके भूख प्यास की कोई चिंता ही नहीं होती। लोगों को चाहिए की यदि गाय पालने का शौक है तो उनकी देखभाल भी आवश्यक है, क्योंकि गाय हमारी माता है एवं गौ रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

गौ माता का महत्व हमें समझना होगा तथा गौ संवर्धन की रक्षा हमें करनी होगी। गो सेवा समित के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पंचाल ने जिला शाखा डूंगरपुर के शपथ समारोह पर समिति के सदस्यों को भविष्य में होने वाले सेवा कार्यो के बारे में अवगत कराया और गो सेवा करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रकाश पटेल डूंगरपुर, कोषाध्यक्ष रणजीत कुमार जैन डूंगरपुर, भगवती लाल पंचाल, मीडिया प्रभारी आशीष पण्डया धम्बोला, बाल गोविन्द पाटीदार चाडोली, वीरेन्द्र सिंह वमासा, शीतल पण्डया, नरेन्द्र भगत भीलूडा, चन्द्रशेखर पारगी छोटा दिवडा, नरेश पाटीदार छोटा दिवडा, प्रहलाद जोशी दिवडा, शारदा मालपानी डूंगरपुर, गणेश लाल कलाल बिछीवाडा, राजेंद्र पंचाल सामलिया, सरजीत मिश्रा डूंगरपुर, गौरक्षक जिला प्रभारी मुकेश भोई सागवाड़ा, गौरक्षक अजय बुझ सागवाड़ा, सदस्य में नटवर लाल पंचाल बिछीवाडा, शेखर शर्मा बिछीवाडा, किरीट खडगदा, ईश्वरलाल पंचाल मौजूद थे। संचालन ओर आभार संगठन मंत्री भगवती लाल पंचाल ने माना।

### लता मंगेशकर को दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर राजस्थान गो सेवा समित पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्व. स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनिट मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। वही संरक्षक कथावाचक कमलेश शास्त्री ने लता मंगेशकर को याद करते हुए ए मेरे वतन के लोगो जरा आँख में भर लो पानी गीत गया। समिति के सचिव ऋषि दवे की सुपुत्री हेली दवे ने अपने जन्मदिन पर गौ सेवा समिति को अपनी बचत के 1271 रुपये भेंट कर पहली रसीद कटवा कर मंच का आशीर्वाद लिया ।